सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-562
18/12/2018

मुख्यमंत्री से भारत में वियतनाम के राजदूत ने मुलाकात की

पटना, 18 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में भारत में वियतनाम के राजदूत श्री फाम सान चाउं (Pham Sanh Chau) ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान भारत और वियतनाम के संबंधों पर विस्तृत चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने भारत में वियतनाम के राजदूत को बिहार के विभिन्न बौद्ध स्थलों के महत्वों के संदर्भ में विस्तार से बताया। राजगीर, बोधगया के साथ–साथ तेलहाड़ा विश्वविद्यालय एवं राजगीर के साइक्लोपियन वॉल के संबंध में राजदूत को विस्तृत जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री ने राजदूत को पहला गणराज्य वैशाली के बारे में भी बताया।

राजदूत श्री फाम सान चाउं ने योग में अपनी रूचि बतायी, इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें मुॅगेर के योग संस्थान में आने का आमंत्रण दिया। राजदूत श्री फाम सान चाउं ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को अगले वर्ष वियतनाम आने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पर्यटन श्री रवि मनुभाई परमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

भारत में वियतनाम के राजदूत ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह् भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने भी वियतनाम के राजदूत को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट किया।

******